दैनिक भास्कर
उदयपुर, रविवार 22 मार्च, 2015

माणक चौक में भारतीय शास्त्रीय संगीत संध्या

सरोद की संगत से बांधा समा

माणक चौक में शनिवार को प्रस्तुति देते अमान व अयान अली।

उदयपुर|महाराणा मेवाड़ चेरिटेबल फाउंडेशन की ओर से शनिवार को सिटी पैलेस के माणक चौक में भारतीय शास्त्रीय संगीत संध्या हुई।

रविवार को होने वाले 33वें वार्षिक सम्मान समर्पण समारोह की पूर्व संध्या पर इस आयोजन में फाउंडेशन द्वारा डागर घराने से सम्मानित किए जाने वाले अमान अली खान तथा अयान अली खान ने सरोद के तार छेड़े। उनके साथ तबले पर तन्मय बोस, मिथलेश कुमार झा ने संगत की। समारोह में फाउंडेशन के अध्यक्ष अरविंद सिंह मेवाड़, बालकवि वैरागी, फाउंडेशन के न्यासी लक्ष्यराज सिंह मेवाड़, विजया कुमारी मेवाड़ आदि मौजूद थे। समारोह का संचालन गोपाल सोनी एवं रूपा चक्रवर्ती ने किया।

संगीत संध्या का उद्घाटन करते अरविंदसिंह मेवाड़।

103 विद्यार्थियों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां : माणक चौक में महाराणा मेवाड़ पब्लिक स्कूल के 103 विद्यार्थियों ने ऑर्केस्ट्रा से संगीत कला का प्रदर्शन किया। इसी के अंतर्गत राग कलावती पर आधारित पाश्चात्य तथा भारतीय ऑर्केस्ट्रा तथा तराना व कत्थक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई।